# वृक्षारोपण कर मनायी वट पूर्णिमा

## हिंदी विश्वविद्यालय की महिला कर्मियों का उपक्रम

वर्धा, 27 जून 2018 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की महिला कर्मियों ने वट पूर्णिमा के दिन बुधवार, 27 जून को बरगद (वड़) के पौधें लगाकर वट पूर्णिमा का उत्सव मनाया। इस उपक्रम में विश्वविद्यालय



में कार्यरत महिला कर्मियों तथा छात्राओं ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के गांधी हिल्स परिसर में बुधवार की शाम को बरगद के वृक्षों का रोपण किया गया। वृक्षारोपण में महिला कर्मी संगीता मालवीय अरोड़ा, प्रगति



मिरगे, रोहिणी उमाटे, अश्विनी साल्वे, प्रीति पाटिल, वैशाली भोयर, पूजा फुलबांधे, वर्षा घोंगडे तथा पीएचडी शोधार्थी रुपाली अलोने शामिल हुईं। इस अवसर पर पर्यावरण क्लब के सदस्य जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, फोटोग्राफर एवं डाक्युमेंटेशन सहायक राजदीप राठौर, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय के कर्मी अश्विन श्रीवास ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया। विश्वविद्यालय में पर्यावरण की दृष्टि से पौधों का रोपण कर उत्सव मनाने के उपक्रम की सराहना की गयी। आने वाले दिनों में वृक्षारोपण के उपक्रम को जारी रखने का संकल्प महिला कर्मियों तथा छात्राओं ने व्यक्त किया है।